**खबर संक्षेप**

### एक बगिया मां के नाम योजना के चयनित हितग्राहियों को दिया गया प्रशिक्षण



**शहडोल।** अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुद्रिका सिंह की उपस्थिति में जनपद पंचायत सोहागपुर अंतर्गतएक बगिया मां के नाम योजना के चयनित हितग्राहियों को जनपद पंचायत सोहागपुर के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में चयनित हितग्राहियो को आम, थाई, अमरूद, ड्रेगन फ्रूट, नींबू के पौधे लगाने के लिए प्रेरित करते हुए उनसे होने वाले लाभो के बारे में एवं पौधे लगाते समय गड्ढा ,खाद एवं सिंचाई की तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर पीओ मनरेगा बाल्मिकी, एपीओ महोबिया, सहायक लेखा अधिकारी अपर्णा, ब्लॉक प्रबंधक एनआरएलएम तमन्ना खान सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं एक बगिया मां के नाम योजना के चयनित हितग्राही उपस्थित रहें।

### ई.व्ही.एम. व्ही.व्ही.पी.ए.टी वेयरहाउस का किया गया निरीक्षण

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.केदार सिंह ने राजनैतिक दल के प्रतिनिधियो की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ई.व्ही.एम. व्ही.व्ही.पी.ए.टी वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण (बिना ताला खोले) किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग सहित राजनैतिक दल के प्रतिनिधि विष्णुप्रताप सिंह, निर्वाचन सुपरवाईजर संजय खरे सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

### 14 से 28 जनवरी तक आनंद उत्सव 2026 का होगा आयोजन

**शहडोल।** शासन के निर्देशानुसार विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 14 से 28 जनवरी 2026 के मध्य आनंद उत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर डॉ.केदार सिंह ने संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। आनंद उत्सव का उद्देश्य नागरिकों में सहभागिता एवं उत्साह को बढ़ाने के लिये समूह स्तर पर खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करना है। आनंद उत्सव की मूल भावना प्रतिस्पर्धा नहीं वरन सहभागिता होगी। ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र में 14 से 24 जनवरी 2026 तथा विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम 24 से 28 जनवरी 2026 तक आयोजित किए जाएंगे। आनंद उत्सव में प्रमुख रूप से स्थानीय तौर पर प्रचलित परम्परागत खेलकूद जैसे कबड्डी, खोखो, बोरा रेस, रस्साकसी, वेअर रेस, पि_/सितोलिया, चम्मच दौड़, नीबू दौड़ आदि तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे लोक संगीत, नृत्य, गायन, भजन, कीर्तन, नाटक आदि एवं स्थानीय स्तर पर निर्धारित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### बाणगंगा के मैदान में सजेगा लोक संस्कृति का कुंभ



**शहडोल।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर शहडोल की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बाणगंगा मेला उत्सव पूरे शबाब पर रहने वाला है। सात दिवसीय इस महाकुंभ का भव्य शुभारंभ 14 जनवरी को प्रातः 11:30 बजे मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। प्रशासन ने इस बार मेले को और भी भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए कमर कस ली है।

**सात रातें, सात सुरों का संगम**
मेले के दौरान हर शाम 7:00 बजे से बाणगंगा का मैदान सुरों और तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंजेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी कला का जौहर दिखाएंगे। 14 जनवरी भजन संध्या एवं विराटेश्वरी जागरण (स्थानीय कलाकार)। 15 जनवरी को छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक आर्केस्ट्रा (सुनील माणिकपुरी)।

## भ्रष्टाचार का मुदरिया टोला मॉडल: शहडोल के जयसिंहनगर में महा घोटाला

# सचिव ने मुर्दों के कफन और गरीबों की पेंशन तक को नहीं छोड़ा

### सचिव पर लूट के संगीन आरोप, सरपंच-पंचों ने खोला मोर्चा

शहडोल।

कहते हैं रक्षक ही भक्षक बन जाए तो न्याय की उम्मीद किससे की जाए? जनपद पंचायत जयसिंहनगर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मुदरियाटोला में भ्रष्टाचार का एक ऐसा खेल सामने आया है, जिसने मानवता को शर्मसार कर दिया है। ग्राम पंचायत के सचिव रामप्रकाश भुर्तिया पर ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने सीधे तौर पर डकैती डालने के आरोप लगाए हैं। मामला इतना गंभीर है कि कलेक्टर को सौंपे गए शिकायती पत्र में सचिव द्वारा गरीबों की पेंशन, संबल योजना की राशि और यहाँ तक कि विकलांगों के हक पर डाका डालने के आठ पुख्ता प्रमाण दिए गए हैं।



### संबल योजना में 40 हजार की सफाई

भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा देखिए कि हितग्राही दिलकरण सिंह की पत्नी की मृत्यु के बाद शासन ने संबल योजना के तहत 2 लाख रुपये दिए। सचिव रामप्रकाश भुर्तिया ने केवाईसी के बहाने बैंक बुलवाया और कियोस्क संचालक से सांठगांठ कर हितग्राही का अंगूठा लगवाकर चुपके से 40,000 रुपये पार कर दिए। जब सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया, तो सचिव हितग्राही के बगल में खड़े होकर जेब में पैसे ठूंसते नजर आए। पुलिस के डर से सचिव ने जुर्म कबूला और पैसे लौटाए, लेकिन सवाल यह है कि क्या सिर्फ पैसे लौटा देना ही न्याय है।

### मौत के मुआवजे से भी कमीशन की वसूली

हितग्राही मुलायम सिंह के पिता की हत्या हो जाने पर शासन ने 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी। इस दुख की घड़ी में मरहम लगाने के बजाय सचिव ने जनपद में पैसा डलवाने के नाम पर 50,000 रुपये की अवैध वसूली कर ली। इसी तरह अगसिया बाई से 20,000 और फुलमतिया से 30,000 रुपये डकार लिए गए। लगता है कि अब गरीबों को मिलने वाली सरकारी सहायता पर सचिव का टैक्स अनिवार्य हो गया है।

### विकलांगों और बुजुर्गों की लाठी भी छीनी

भ्रष्टाचार की इस बहती गंगा में सचिव ने किसी को नहीं बख्शा, पैरों से लाचार बांके सिंह से विकलांग पेंशन बनवाने के लिए 2500 रुपये की मांग की गई, जिसमें से 1000 रुपये एडवांस लेने के बाद भी आज तक पेंशन शुरू नहीं हुई। फगुनी बाई नामक वृद्धा से पेंशन के नाम पर 500 रुपये ऐंठ लिए गए, लेकिन 9 महीने बाद भी वह दफ्तरों के चक्कर काट रही है। रामभजन सिंह से बहू का नाम जोडऩे के लिए 2500 की मांग की गई और 500 रुपये पेशगी वसूल ली गई।

### विकास कार्य ठप्प

ग्राम डोम्हार बेलहानटोला में पीसीसी रोड का निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन मजदूरों को उनकी मजदूरी और सामग्री का भुगतान अब तक नहीं मिला। जब ग्रामीण सचिव से गुहार लगाते हैं, तो साहब का रटा-रटाया जवाब होता है, मेरे पास टाइम नहीं है, आखिर सचिव महोदय का समय जा कहां रहा है, क्या वह समय नए भ्रष्टाचार की योजना बनाने में खर्च हो रहा है।

### सरपंच और पंचों ने उठाई कानूनी कार्रवाई की मांग

सचिव की इन काली करतूतों से तंग आकर सरपंच श्रीमती मीराबाई सिंह, उपसरपंच लवकुश महरा सहित दर्जनों पंचों ने सामूहिक हस्ताक्षर कर कलेक्टर से सचिव को तत्काल पद से हटाने और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में साफ कहा गया है कि सचिव ने मुदरियाटोला की छवि को तार-तार कर दिया है। मुदरियाटोला का यह मामला सिर्फ एक पंचायत का नहीं है, बल्कि उस भ्रष्ट तंत्र का हिस्सा है, जहां गरीब की बेबसी को अधिकारियों की तिजोरी भरने का जरिया बना लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज में चोरी पकड़े जाने के बाद भी यदि सचिव पद पर बना रहता है, तो यह प्रशासन की नीयत पर बड़ा सवालिया निशान है।

## बिजली बिल बकायादारों पर कड़ा प्रहार

# 8 ट्रांसफार्मर बंद, समाधान योजना से राहत की अपील



**शहडोल।** मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना के तहत विद्युत विभाग ने जिले में बकाया वसूली और जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। एक ओर जहां उपभोक्ताओं को भारी छूट का विकल्प दिया जा रहा है, वहीं लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए 8 ट्रांसफार्मर बंद करने की बड़ी कार्रवाई की है। **अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट-** अधीक्षण अभियंता के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा बाणसागर और ब्यौहारी क्षेत्र के विभिन्न गांवों दुर्गापुर, निमिहा, बगदरी आदि में जनसंपर्क किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यदि घरेलू एवं पंप उपभोक्ता अपने बकाया बिल का एकमुश्त भुगतान करते हैं, तो उन्हें अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। किस्तों में भुगतान का विकल्प चुनने पर अधिभार में 70 प्रतिशत तक की राहत मिलेगी।

**बकाया राशि पर सख्त कार्रवाई -**योजना के प्रचार-प्रसार के साथ ही विभाग ने सख्ती भी दिखाई है। चिह्नित गांवों में 225 उपभोक्ताओं पर कुल 12 लाख 33 हजार रुपये का राजस्व बकाया होने के कारण 8 ट्रांसफार्मर काट दिए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि समाधान योजना का लाभ सभी वितरण केंद्रों, एटीपी मशीनों और ऑनलाइन माध्यमों से लिया जा सकता है। अधिकारियों ने अंतिम चेतावनी देते हुए कहा है कि उपभोक्ता इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाकर अपनी बिजली लाइन कटने से बचाएं। विभाग हर पात्र व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## अनुशासनहीनता पर विधायक पट्टा की दो टूक, बख्शे नहीं जाएंगे

# मिशन 2026 की तैयारी में जुटी कांग्रेस

धनपुरी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में बुढ़ार ब्लॉक कांग्रेस की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक धनपुरी में संपन्न हुई। महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित इस बैठक में कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया कि आगामी चुनावों में पार्टी केवल सक्रिय और अनुशासित कार्यकर्ताओं के दम पर ही मैदान में उतरेगी।



### गुटबाजी और अनुशासनहीनता पर प्रहार

मुख्य अतिथि बिछिया विधायक एवं जिला प्रभारी नारायण सिंह पट्टा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि जल्द ही बूथ स्तर तक कमेटियों का गठन कर संगठन को नई ऊर्जा दी जाएगी, लेकिन अनुशासनहीनता करने वाले किसी भी पदाधिकारी या कार्यकर्ता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मतदाता सूची की वार्ड स्तर पर जांच करने और हर वार्ड में 25 सदस्यीय समिति बनाकर युद्ध स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए।

### केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा

विधायक पट्टा ने मनरेगा का स्वरूप बदलने और केंद्र-राज्य के बीच 60-40 के भत्ते की नई योजना का पुरजोर विरोध किया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में संजीवनी बनी मनरेगा योजना का अस्तित्व आज भाजपा सरकार की नीतियों के कारण खतरे में है, जिसका कांग्रेस सडक़ पर उतरकर विरोध करेगी।

### एकजुटता ही जीत का मंत्र

जिला अध्यक्ष अजय अवस्थी ने स्पष्ट किया कि संगठन में केवल सक्रियता ही पद और महत्व का पैमाना होगी। वहीं, प्रदेश सचिव प्रदीप सिंह और नपा उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल ने विश्वास जताया कि भाजपा के झूठे वादों से त्रस्त जनता अब पुनः कांग्रेस की ओर देख रही है। ब्लॉक अध्यक्ष अंकित सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे आलाकमान के भरोसे पर खरा उतरते हुए घर-घर तक कांग्रेस की विचारधारा पहुंचाएंगे। बैठक में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी उमा धुर्वे, राम सिंह, सुजीत सिंह चंदेल सहित सैकड़ों की संख्या में पार्षद, मातृशक्ति और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक न रुको

## विवेकानंद के विचारों से छात्रों में भरा जोश




शहडोल।

भारत विकास परिषद की स्वामी विवेकानंद शाखा द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के माता शबरी सभागार में एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद जीवन एवं वर्तमान समय में उपादेयता विषय पर केंद्रित इस आयोजन में वक्ताओं ने युवाओं को अनुशासन, राष्ट्र सेवा और आत्म-ज्ञान का मार्ग दिखाया।

### भारतीय दर्शन की वैश्विक गूंज

मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त प्राचार्य आर.एस. गौतम ने स्वामी जी के शिकागो प्रवास का स्मरण कराते हुए बताया कि कैसे उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस की कृपा और उनके आत्मविश्वास ने भारतीय दर्शन को विश्व पटल पर स्थापित किया। वरिष्ठ पत्रकार दिनेश अग्रवाल ने छात्र-संवाद के दौरान स्पष्ट किया कि छोटे शहरों के युवाओं को सफलता के लिए एक निश्चित लक्ष्य और सही मार्गदर्शन की अनिवार्य आवश्यकता है।

### गलवान के शौर्य से दी प्रेरणा

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कर्नल विकास सिंह बघेल ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि स्वामी जी द्वारा रचित ज्ञान, कर्म, भक्ति और राजयोग के सिद्धांत आज भी भारतीय सेना के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने गलवान घाटी में चीनी सेना के विरुद्ध भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस का उदाहरण देते हुए युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।

### आध्यात्मिक चेतना और मौन की शक्ति

कुलगुरु प्रोफेसर राम शंकर ने अपने संबोधन में कहा कि विवेकानंद का जीवन आध्यात्मिकता की पराकाष्ठा है। उन्होंने युवाओं को मौन की साधना और नए ज्ञान के प्रति सदैव उत्सुक रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयोजक प्रो. महेंद्र कुमार भटनागर ने भारतीय शिक्षण मंडल की लेखन प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए पोस्टर का अनावरण किया। कार्यक्रम का संचालन एस.एस. जौहरी ने किया, जिन्होंने बताया कि इस वर्ष का ध्येय वाक्य स्वयं को प्रज्ज्वलित करें, विश्व को प्रभावित करें है। सचिव विजय दुबे, कोषाध्यक्ष अजय शर्मा और संयोजक रविकांत द्विवेदी सहित परिषद के अनेक सदस्य एवं भारी संख्या में विद्यार्थी इस गरिमामयी आयोजन के साक्षी बने।



## संकल्प से समाधान तक, अब सीधे गांवों में पहुंचेगी सरकार
## ग्रामोदय से अभ्युदय: शहडोल में अभियान का शंखनाद

**शहडोल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरगामी सोच के साथ मध्य प्रदेश में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का आगाज हो चुका है। सोहागपुर जनपद पंचायत सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने दोटूक कहा कि कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।

**गांवों की मजबूती ही सशक्त भारत की नींव-** कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा ने स्पष्ट किया कि जब तक गांव विकसित नहीं होंगे, तब तक सशक्त राष्ट्र की कल्पना अधूरी है। उन्होंने अधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि 26 जनवरी तक चलने वाले ग्राम विकास पखवाड़े के दौरान पूरी निष्ठा से पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाएं। उन्होंने भ्रष्टाचार और सुस्ती को दरकिनार कर ईमानदारी से काम करने की शपथ दिलाई।

**62 सेवाओं का होगा समाधान, 8 चरणों में मोर्चा-** अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ मुद्रिका सिंह ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। इसमें चिन्हित की गई 62 प्रमुख सेवाओं का निराकरण सीधे ग्राम, ब्लॉक और जिला स्तर पर किया जाएगा। जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक भीमसेन डामोर और नपा अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने परिषद के सदस्यों को सरकार और जनता के बीच पुल की तरह काम करने की नसीहत दी।

**चौपाल से जगेगी जागरूकता, नशामुक्ति पर जोर-** जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने बताया कि पखवाड़े के दौरान गांवों में केवल रैलियां नहीं निकलेंगी, बल्कि चौपाल, सामूहिक श्रमदान और परिवार संपर्क के माध्यम से जल संरक्षण, जैविक खेती और नशामुक्ति जैसे ज्वलंत मुद्दों पर प्रहार किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों का सम्मान किया गया, लेकिन मंच से दिया गया संदेश साफ था, जनता का हक, जनता के द्वार तक। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष शक्ति सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कमिश्नर और सीईओ के सामने पहुंचे शिकायतकर्ता व्यवस्था सुधारने के कड़े निर्देश

**शहडोल। सरकारी तंत्र की सुस्ती और योजनाओं के क्रियान्वयन में हो रही देरी का नजारा मंगलवार को संभाग और जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में साफ देखने को मिला। कमिश्नर कार्यालय और कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में दूर-दराज से आए फरियादियों ने अपनी पीड़ा साझा की।**

**फाइलों में न उलझें शिकायतें-** कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता के समक्ष मानपुर से आए वीरेंद्र द्विवेदी ने वेतन भुगतान और बुडवा के युवराज सिंह ने अतिथि शिक्षक नियुक्ति जैसे बुनियादी मुद्दे उठाए। आंगनवाड़ी भवन निर्माण से लेकर राशन कार्ड तक की शिकायतों पर कमिश्नर ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि आवेदनों को केवल फॉरवर्ड न करें, बल्कि समय-सीमा में ठोस निराकरण सुनिश्चित करें।






**जिले में गूंजी मुआवजे और आवास की मांग-** दूसरी ओर, जिला पंचायत ष्टश्वह्र शिवम प्रजापति और अपर कलेक्टर सरोधन सिंह ने जिले के आवेदकों की समस्याएं सुनीं। भमरहा निवासी उत्तम सिंह ने भूमि अधिग्रहण के अटके मुआवजे का मुद्दा उठाया, तो कल्याण बैगा ने पीएम जनमन आवास की किस्त न मिलने की शिकायत की। पीएम किसान सम्मान निधि और मध्यान्ह भोजन में धांधली जैसे आवेदनों की संख्या बता रही है कि जमीनी स्तर पर योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने में विभाग फिसड्डी साबित हो रहे हैं। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई का दावा किया है, लेकिन बार-बार जनसुनवाई में पहुंच रहे फरियादी व्यवस्था की पोल खोल रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

### संकल्प से समाधान अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शासन की विभिन्न जन योजनाओं/सेवाओं में हितग्राहियों को लाभ प्रदाय करने हेतु संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत प्रतिशत सेचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित योजनाओं को प्राप्त करने के लिए विकसित भारत अंतर्गत संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक चार चरण में आयोजित किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। निर्देश के परिपालन में जिले में संकल्प से समाधान अभियान को 12 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026ष तक चार चरणों में आयोजित किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत नागरिकों/हितग्राहियों को स्वयं पोर्टल के माध्यम से भी आवेदन दर्ज करने की सुविधा प्रदाय की गई है। सुविधा के संबंध में आम जनता को लगातार स्थानीय मीडिया,सोशल मीडिया एवं अन्य विभिन्न माध्यमों से जानकारी देने एवं अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार का कार्य कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं, ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राही को अभियान का लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ,पाली, मानपुर, समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारियो, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से कहा है कि संकल्प से समाधान अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु स्थानीय मीडिया, सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करावें एवं विकासखण्ड स्तर पर होर्डिंग/बैनर भी लगवाया जाना सुनिश्चित करें,ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को अभियान का लाभ पहुंचाया जा सके ।

### सहकारी बैंक में किसान की गाढ़ी कमाई पर हाथ साफ

उमरिया। जिले में बेखौफ बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। मंगलवार को शहर के हृदय स्थल में स्थित सहकारी बैंक के भीतर दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। अज्ञात शातिर चोर ने एक 82 वर्षीय बुजुर्ग किसान को निशाना बनाते हुए उनकी मेहनत की कमाई पर हाथ साफ कर दिया। खबर है कि ग्राम अखडार निवासी बुजुर्ग किसान मनबोध साहू अपनी धान उपार्जन की राशि निकालने बैंक पहुंचे थे। उन्होंने 40 हजार रुपये नकद निकालकर एक थैले में रखे थे। बैंक परिसर के भीतर ही जब वे किसी जानकारी के लिए रुके, तभी वहां पहले से घात लगाए बैठे आरोपी ने पलक झपकते ही रुपयों से भरा थैला पार कर दिया। वृद्ध किसान को संभलने का मौका तक नहीं मिला और आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर रफूचक्कर हो गया। घटना के बाद बैंक में हडकंप मच गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला है, जिसमें संदिग्ध आरोपी कैद नजर आ रहा है। कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। परिसर के भीतर हुई इस वारदात ने बैंक की सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस के खौफ पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस का दावा है कि फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपी सलाखों के पीछे होगा।

### 4 से 28 जनवरी तक आनंद उत्सव 2026 का होगा आयोजन



अनूपपुर। शासन के निर्देशानुसार विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 14 से 28 जनवरी के मध्य आनंद उत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी द्वारा सर्व संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। आनंद उत्सव का उद्देश्य नागरिकों में सहभागिता एवं उत्साह को बढ़ाने के लिये समूह स्तर पर खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करना है। आनंद उत्सव की मूल भावना प्रतिस्पर्धा नहीं वरन सहभागिता होगी। ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र में 14 से 24 जनवरी तथा विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम 24 से 28 जनवरी तक आयोजित किए जाएंगे।

### नाली के चेंबर को ढकवायें जाने की मांग

कोतमा। नगर के वार्ड क्रमांक 1 गहरबार प्रेस के पास नगर पालिका के द्वारा पानी निकासी के लिए छोटी नाली का निर्माण कार्य करवाया गया था और नाली के ऊपर लोहे की पाइप ढकने के लिए लगा दी गई थी लेकिन दो दिनों से वह पाइप भी निकाल ली गई है जिसके कारण लोगों को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है यहां तक की नाली के खुले चैंबर के कारण आसपास के रहवासियों को दुगंध के बीच रहने को विवश होना पड़ रहा है। स्थानीय रह वासियों ने नगर पालिका प्रशासन से जल्दी नाली के चेंबर को ढकवायें जाने की मांग की है।

# कुदर्री कैंप में अनुभूति कार्यक्रम संपन्न

उमरिया ।

**क्षेत्र संचालक एवं उप संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व अंतर्गत परिक्षेत्र पनपथा कोर के कुदर्री कैंप मे अनुभूति कैंप का आयोजन किया गया।**





इस अवसर पर पक्षी दर्शन कराया गया, बी0टी0आर , मोर , वायर टेल्ड स्वैलो, ग्रीन पीजन पौंड कौवा तोता प्रत्यक्ष दिखाया गया ।साल, गुर्जा, पकरी सेझी,साजा,सलाई,तेंदू, पलाश,अमलतास, नीलगिरि , महुआ, धवा,रोहन,बेरीं आदि पेड़ों की पहचान व उपयोग करना सिखाया गया ।दीमक के घर की संरचना,पर्यावरण मे उपयोग के बारे में बताया गया।चीतल सांभर हनुमान लंगूर,आदि वन प्राणी प्रत्यक्ष दर्शन कराया,बाघ का पगमार्क व विस्ठा दिखाया गया। अनुभूति थीम सॉन्ग हम हैं धरती के दूत सुनाया जिस पर बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया । तितली मधुमक्खियां के प्रकृति के लिए महत्व,सांपों का महत्व,विषैले सर्पों की पहचान करना और स्नेक बाइट होने पर स्नेक बाइट मैनेजमेंट के बारे में बताया गया।बाघ,तेंदुआ, हाथी,भालू एवं अन्य वन प्राणियों के व्यवहार और उनसे बचाव के बारे में चर्चा की गई।मैं कौन हूं खेल के माध्यम से सभी वन्य प्राणियों का परिचय कराया गया।फीडबैक फॉर्म भराया गया और शपथ कराई गई । क्विज के माध्यम से बच्चों में नए रोचक जानकारी प्रस्तुत की गई।बच्चों की रुचि अनुसार शिक्षाप्रद नृत्य और गायन कराया गया। क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया के द्वारा बच्चों को अनुभूति के विषय मे , वन एवं वन्य प्राणियों तथा पर्यावरण के संरक्षण के विषय में बताया गया तथा कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व उमरिया,विद्या कुलकर्णी एलडब्यूएफ संस्था प्रमुख,सहायक संचालक पनपथा,वन परिक्षेत्र पतौर, वन परिक्षेत्र पनपथा कोर, 128 बालक बालिका 10 शिक्षक सहित वन स्टाफ उपस्थित रहे। प्रेरक चंद्रमोहन खरे ,कमलेश नंदा,द्वारा बच्चों को अनुभूति ट्रेल व कार्यक्रम स्थल मे रोचक शिक्षाप्रद जानकारी देने के साथ साथ प्रकृति की अनुभूति करायी गयी।

# उपायुक्त ने कन्या शिक्षा परिसर एवं छात्रावास मानपुर का किया निरीक्षण



उमरिया।

संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव द्वारा मानपुर मे संचालित माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर तथा सीनियर अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान विद्यालय बंद मिलने पर उपायुक्त ने शिक्षकों का वेतन काटने संबंधी नोटिस जारी किया।विद्यालय एवं छात्रावास परिसर मे गंदगी पाए जाने पर रोष जाहिर किया तथा स्वयं बच्चों के साथ परिसर की सफाई कार्य कर बच्चों को अपना परिसर साफ-सुथरा रखने का सन्देश दिया।

छात्रावासी छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी तथा निराकरण का आश्वासन दिया । छात्राओं को मेहनत कर जीवन मे आगे बढने हेतु प्रेरित किया । उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन मे भटकाव आने से पूरा जीवन भटक जाता है। अपने जीवन को भटकाव से बचाते हुए पढाई पर ध्यान दें । छात्रावास अधीक्षकों को छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता किए जाने के निर्देश दिए । उन्होने कहा कि किसी भी छात्रा को माता-पिता व सगे भाई-बहन के अलावा किसी अन्य के साथ न भेजें, इसका लेखा जोखा भी रखा जाये । किसी भी प्रकार की घटना की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाएं और समस्त आवश्यक कार्यवाही तत्काल की जाये किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कन्या शिक्षा परिसर के निरीक्षण के दौरान प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य, दैनिक डायरी का संधारण, उपस्थिति पंजियों का संधारण आदि का अवलोकन एवं समीक्षा की गई । प्राचार्य के कार्य पर असंतोष प्रकट कर निर्धारित कर्तव्यों का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया । विद्यालय की छात्राओं के लिए आवश्यक सामग्री का जो राशि विद्यार्थियों के खाते में जमा की गई हैं, छात्राओं एवं पालकों को आगामी एक सप्ताह में सामग्री क्रय करने हेतु प्रेरित किया जाए। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य श्री अमर जीत द्विवेदी उपस्थित रहे।

# सुशासन की ओर बढ़ते कदम : कमिश्नर सुरभि गुप्ता के निर्देश में नया नवाचार

उमरिया।




आयुक्त सुरभि गुप्ता का नया नवाचार संभाग अंतर्गत तीनों जिले के आम नागरिक, जनता राजस्व विभाग से संबंधित समस्या जैसे नामांतरण , बंटवारा सीमांकन, नक्शा तरमीम, अभिलेख दुरुस्ती इत्यादि कार्यों के लिए अब अपनी शिकायत एक क्यू आर कोड से भेज सकेंगे।

ऐसी समस्या जिनका निराकरण तहसील स्तर पर ही हो जाना चाहिए परन्तु ग्रामीण आदिवासी उसके लिए जनसुनवाई, सीएम हेल्प लाइन तक पहुंचते है और समय तथा पैसे दोनों का नुकसान होता है उसको ध्यान में रखते हुए आयुक्त महोदय ने संभागीय सलाहकार आर सी एम एस उपेंद्र त्रिपाठी को निर्देशित किया था। उपेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि आयुक्त महोदया के निर्देशानुसार प्रथम चरण में राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों का समय में निराकरण हो सके तथा हितग्राहियों को जनसुनवाई सीएम हेल्प लाइन तक पहुंचने की आवश्यकता ही ना पड़े उसके उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए संभाग स्तरीय क्यू आर कोड डिजाइन किया गया है जिसमें आम नागरिक अपनी समस्या हमे बता सकते है । क्यू आर कोड कैसे काम करेगा - क्यूं आर कोड को पूर्णतः सुरक्षित बनाया गया है जिसमें बीच में राज्य सरकार का लोगो है , क्यू आर को स्कैन करने से एक फॉर्म ओपन होगा जिसमें बेसिक जानकारी जैसे नाम ,पता ,मोबाइल नंबर,तथा समस्या की केटेगरी का चयन कर जानकारी प्रदान करना होगा और उस फॉर्म को सबमिट करना होगा जिस से आवेदक / शिकायतकर्ता को मोबाइल में ही संदेश प्राप्त होगा साथ ही उनके द्वारा भरे गए फॉर्म की जानकारी उनके ई मेल आई डी पर भी प्राप्त होगी । शिकायत कमिश्नर कार्यालय में प्राप्त होते ही शिकायत संबंधित अधिकारी ओर जिले के कलेक्टर महोदय को भेजी जाएगी ओर प्राथमिकता से निराकरण कर आवेदक /शिकायतकर्ता को सूचित भी किया जाएगा और समय सीमा की बैठक में आयुक्त महोदया द्वारा समीक्षा भी की जायेगी । इस सिस्टम का मूल उद्देश्य यह है कि आम नागरिकों की समस्या का निराकरण समय पर हो ओर आवेदक को कही परेशान नहीं होना पड़े ।

## कलेक्टर से मॉडल सड़क एवं नाली की गुणवत्ता की जांच करवाए जाने की मांग



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर के बनिया टोला से केरहा नाला तक लगभग 10 करोड रुपए की लागत से मॉडल सड़क का निर्माण कार्य करवाया गया है। सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत से ही लोगों ने सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठने शुरू कर दिए थे यहां तक की नागरिकों ने धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन भी सौपा था। सड़क का निर्माण का शुरू से ही विवादों में था विभागीय मिली भगत के कारण ठेकेदार के द्वारा अतिक्रमण हटाए बिना ही एवं सड़क में लगे लोहे के विद्युत के पोल को हटाए बिना ही सड़क का निर्माण कार्य पूरा कर दिया गया। स्थिति यह है कि बनते ही सड़क की गुणवत्ता की पोल खुलनी शुरू हो गई सड़क में जगह-जगह सीमेंट उखड़ने लगी सड़क में दरारें पड़ने लगी कई जगह तो सड़क में गड्ढे होने शुरू हो गए हैं। ठेकेदार के द्वारा नगर पालिका के द्वारा बनाए गए नाली के ऊपर ही सड़क का निर्माण कार्य कर दिया गया जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है। मंगलवार को केशवाही तिराहा से बस स्टैंड जाने वाले रास्ते में मवेशी बाजार जाने वाले रास्ते मे सीमेंट से भरे वाहन का अगला पहिया नाली में घुस गया जिसके कारण बड़ी दुर्घटना होते-होते बची। मजे की बात यह है कि सड़क एवं नाली की गुणवत्ता की पोल खुलने लगी है नागरिकों ने जिला कलेक्टर से मॉडल सड़क एवं नाली की गुणवत्ता की जांच करवाए जाने की मांग की है।

# बस स्टैंड मे हावी अव्यवस्था, कभी भी घटित हो सकती है कोई दुर्घटना



हरिभूमि न्यूज कोतमा।

नगर मे स्थित बस स्टैंड मे अव्यवस्था हावी है। बस स्टैंड में लग रहे अव्यवस्थित ठेलों में दुकान, तीन पहिया वाहनों के खड़े रहने के कारण अव्यवस्था पूरी तरह से हावी है। नगर पालिका बस स्टैंड में व्यवस्था पर ध्यान नहीं दे रही है। जिसके कारण कभी भी कोई दुर्घटना घटित हो सकती है। नगर के बस स्टैंड मे पर्याप्त जगह बसो के खड़ा करने के लिए है लेकिन बस चालकों के द्वारा बीच सड़क पर ही बस को खड़ा कर दिया जाता है। प्रशासन के द्वारा बस स्टैंड में हो रही अव्यवस्था को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। जिसके कारण यात्रियों एवं आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बस स्टैंड से मुखर्जी चौक तक प्रतिदिन जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है यह समस्या बस चालकों की मनमानी के कारण निर्मित हो रही है। आये दिन बस स्टैंड के आसपास घंटो जाम के हालात निर्मित हो रहे हैं। बस चालकों के मनमाने रबैये के चलते बसों को सड़क पर ही खड़ा कर सवारी एवं सामानों को उतारा जाता है जिसके कारण प्रतिदिन यातायात बाधित होता है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

बस स्टैंड में दुकानदारों के द्वारा ठेलों में सामान की बिक्री की जाती है। ये दुकानदार जैसे ही बस आकर खड़ी होती है वैसे ही ठेलों को बस के चारों तरफ खड़ा कर देते हैं यहां तक कि बस के दरवाजे के सामने ही ठेलों को खड़ा कर देते हैं जिसके कारण यात्रियों को बस से उतरने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। बस स्टैंड में आटो चालकों की मनमानी हाबी है इनके द्वारा आटों को सड़कों पर खड़ा कर दिया जाता है। जिसके कारण बस स्टैंड में अव्यवस्था हावी है। पूर्व में नगर पालिका के द्वारा दुकानदारों के लिए चूना डालकर निशाना बनाया गया था कि इस निशान के अंदर ही ठेले वाले अपनी दुकान लगाएंगे एवं ऑटो वाले भी इसी लाइन के अंदर ऑटो खड़ा करेंगे लेकिन नगर पालिका की मनमानी के कारण वर्तमान में बस स्टैंड में अव्यवस्था हावी है।

**न्यायालय में श्रीमान तहसीलदार महोदय**
**तहसील ब्यौहारी जिला-शहडोल म.प्र.**

पेशी दिनांक 17/01/2026

1- मु. श्यामा गुप्ता पति स्व. रोहणी प्रसाद गुप्ता पेशा खेती व गृहकार्य सा. ब्यौहारी। 2- भगवती पुत्री स्व. रोहणी प्रसाद गुप्ता सा. ब्यौहारी 3- बेवा राजकुमारी पति स्व. विवेकानन्द गुप्ता पिता स्व. रोहणी प्रसाद गुप्ता ब्यौहारी 4-हर्ष गुप्ता पिता स्व. विवेकानन्द गुप्ता सा. ब्यौहारी 5- नैनसी गुप्ता पिता स्व. विवेकानन्द गुप्ता सा. ब्यौहारी सभी का वार्ड नं 14 ब्यौहारी थाना तहसील ब्यौहारी जिला शहडोल म.प्र....... आवेदकगण **बानाम**

1- अजीत कुमार पिता रामदत्त गुप्ता सा. ब्यौहारी 2- विनोद पिता शिवप्रसाद गुप्ता सा. ब्यौहारी 3- रामयश पिता राममिलन गुप्ता सा. ब्यौहारी 4- भगवतिया बेवा रामकृपाल गुप्ता सा. ब्यौहारी 5- रामनरेश पिता राममिलन गुप्ता सा. ब्यौहारी 6- रामसुमिरन पिता राममिलन गुप्ता सा. ब्यौहारी 7- ज्ञानदत्त पिता रामस्वरूप गुप्ता सा. ब्यौहारी 8- प्रमोद पिता रामदत्त गुप्ता सा. ब्यौहारी 9- मोतीलाल पिता रामस्वरूप गुप्ता सा. ब्यौहारी 10- रामकिकर पिता राममिलन गुप्ता सा. ब्यौहारी 11- कमला बेवा सुरेश प्रसाद गुप्ता सा. ब्यौहारी 12- भैयालाल पिता धर्मदास गुप्ता सा. ब्यौहारी 13- दिलीप पिता अयोध्या गुप्ता सा. ब्यौहारी 14- राजेश पिता रामदुलारे गुप्ता सा. ब्यौहारी 15- राजकुमारी पुत्री रामदत्त गुप्ता सा. व्यौहारी 16- धीरेन्द्र पिता रामदुलारे गुप्ता सा. ब्यौहारी 17- ममता पुत्री रामदत्त गुप्ता सा. ब्यौहारी 18- रामकुमार पिता भोला गुप्ता सा. ब्यौहारी 19- जानकीबाई पिता अयोध्या प्रसाद गुप्ता सा. ब्यौहारी 20- अशोक कुमार पिता रामदत्त गुप्ता सा. ब्यौहारी 21- राजेन्द्र कुमार पिता रामदत्त गुप्ता सा. ब्यौहारी 22- प्रेमलता पुत्री रामदत्त गुप्ता सा. ब्यौहारी 23- कन्छेदी पिता शिवप्रसाद गुप्ता सा. ब्यौहारी 24- अर्चना पुत्री रामदत्त गुप्ता सा. ब्यौहारी 25- दुर्गेश माता रामबाई गुप्ता सा. ब्यौहारी 26- उर्मिला पिता शिवप्रसाद गुप्ता सा. ब्यौहारी 27- श्यामसुन्दर पिता बाबादीन गुप्ता सा. ब्यौहारी 28- सुभाष कुमार पिता रामदत्त गुप्ता सा. ब्यौहारी 29 गिरिजा पिता शिवप्रसाद गुप्ता सा. ब्यौहारी 30- रामनारायण माता रामबाई गुप्ता सा. ब्यौहारी 31- राजेन्द्र प्रसाद पिता शिवप्रसाद गुप्ता सा. ब्यौहारी 32- सुजीत कुमार पिता रामदत्त गुप्ता सा. ब्यौहारी 33- शिवप्रसाद पिता रामस्वरूप गुप्ता सा. ब्यौहारी 34- राममिलन पिता लल्ला गुप्ता सा. ब्यौहारी 35- विजयलक्ष्मी बेवा रामदुलारे गुप्ता सा. ब्यौहारी 36- कमलेश पिता अयोध्या प्रसाद गुप्ता सा. ब्यौहारी 37- तुलसीदास पिता भोला गुप्ता सा. ब्यौहारी 38- राजेन्द्र प्रसाद पिता जगदीश प्रसाद गुप्ता सा. ब्यौहारी 39- संजय पिता जगदीश प्रसाद गुप्ता सा. ब्यौहारी 40- जवाहरलाल पिता जगदीश प्रसाद गुप्ता सा. ब्यौहारी 41- सीता पुत्री जगदीश प्रसाद गुप्ता सा. ब्यौहारी 42- शारदा पुत्री जगदीश प्रसाद गुप्ता सा. ब्यौहारी 43- जयप्रकाश पिता तीरथ प्रसाद गुप्ता सा. ब्यौहारी 44- श्रवण कुमार पिता तीरथ प्रसाद गुप्ता सा. ब्यौहारी 45- साधना पुत्री तीरथ प्रसाद गुप्ता सा. ब्यौहारी 46 मीना पुत्री तीरथ प्रसाद गुप्ता सा. ब्यौहारी सभी का निवासी वार्ड नं 14 ब्यौहारी थाना तहसील ब्यौहारी जिला- शहडोल म.प्र.

.............अनावेदकगण

**कार्यवाही वारिसाना नामांतरण (मृतक- रोहणी प्रसाद पिता धर्मदास गुप्ता सा. ब्यौहारी के स्थान पर आवेदकगणों के नाम दर्ज किये जाने बावत् प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा- 109/ 110 म.प्र.भू. रा. संहिता-1959**

## जनसुनवाई पर उठे गंभीर सवाल

# थर्मल पावर परियोजना का भूमि अधिग्रहण नियम विरुद्ध- रामजी रिंकू मिश्रा

हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।



अनूपपुर जिले के कोतमा क्षेत्र में प्रस्तावित मेसर्स अनूपपुर थर्मल एनर्जी (एमपी) प्राइवेट लिमिटेड की ताप विद्युत परियोजना को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता रामजी रिंकू मिश्रा ने कलेक्टर अनूपपुर को विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया एवं प्रस्तावित जनसुनवाई को नियमों के विपरीत बताया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि परियोजना के अंतर्गत रेलवे कॉरिडोर हेतु भूमि अर्जन के संबंध में 16 जनवरी को शासकीय हाई स्कूल बैहाटोला में जनसुनवाई आयोजित किए जाने की सूचना समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित की गई है। मिश्रा ने आपत्ति जताते हुए कहा कि भूमि अर्जन, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-6 के तहत लोक सुनवाई का प्रावधान है, जिसका इस मामले में पालन नहीं किया जा रहा। उन्होंने बताया कि उक्त परियोजना से कई ग्राम पंचायतें प्रभावित हैं, बावजूद इसके सभी ग्रामों की संयुक्त जनसुनवाई एक ही तिथि और एक ही स्थान पर प्रस्तावित की गई है, जो स्पष्ट रूप से कानून के विरुद्ध है। मध्यप्रदेश भूमि अर्जन, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता नियम 2015 के नियम-13 के अनुसार जनसुनवाई उन्हीं ग्राम सभाओं में आयोजित की जानी चाहिए, जहां के निवासी भूमि अधिग्रहण से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हों।ज्ञापन में यह भी रेखांकित किया गया कि कोतमा तहसील पूर्णतः अनुसूचित क्षेत्र में आती है। ऐसे में पेसा एक्ट के तहत प्रत्येक प्रभावित ग्राम सभा की पूर्व सहमति आवश्यक है। मिश्रा का कहना है कि अनुसूचित क्षेत्र में भूमि अर्जन से पूर्व अलग-अलग ग्राम सभाओं में सुनवाई कर ग्रामीणों की सहमति लेना अनिवार्य है, जिसकी अनदेखी की जा रही है। रामजी रिंकू मिश्रा ने प्रशासन से मांग की है कि वर्तमान में प्रस्तावित जनसुनवाई को तत्काल स्थगित किया जाए तथा सभी प्रभावित ग्राम पंचायतों में पृथक-पृथक जनसुनवाई आयोजित कर कानून सम्मत प्रक्रिया के तहत भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि नियमों की अनदेखी कर प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई तो जनहित में आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



### श्री सिद्धि विनायक दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर के वार्ड क्रमांक 1 में श्री सिद्धि विनायक दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा 13 जनवरी से 21 जनवरी तक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार को सुबह 10:00 बजे कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा की अमृत वर्षा की शुरुआत की गई। कलश यात्रा सुबह 10:00 बजे वार्ड क्रमांक 1 से निकली जो नगर के मुख्य मार्ग में भगवान श्री कृष्ण राधा की शोभा यात्रा के साथ निकाली गई रथ यात्रा में कथा वाचक अपने सिर पर श्रीमद् भागवत कथा पुराण एवं भगवान लड्डू गोपाल को लेकर आगे आगे चल रहे थे।

### महाविद्यालय इको क्लब द्वारा मिशन लाइफ विषय पर वॉल पेंटिंग जागरूकता अभियान का आयोजन



हरिभूमि न्यूज कोतमा।

शासकीय महाराजा मार्तण्ड महाविद्यालय कोतमा में महाविद्यालय के इको क्लब के तत्वावधान में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मिशन लाइफ पर्यावरण के लिए जीवनशैली विषय पर संदेशों एवं चित्रों के द्वारा वॉल पेंटिंग के माध्यम से जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण, ऊर्जा बचत एवं पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली से संबंधित प्रेरणादायक संदेशों एवं प्रभावशाली चित्रों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का सराहनीय प्रयास किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं इको क्लब प्रभारी डॉ. गिरेन्द्र शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह हमारी दैनिक जीवनशैली का अभिन्न अंग होना चाहिए। उन्होंने मिशन लाइफ पर्यावरण के लिए जीवनशैली की अवधारणा को अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के इको क्लब के स्टाफ सदस्यों में सुश्री कृति मरावी, डॉ. प्रवीण कुमार यादव एवं डॉ. राजकुमार रविदास की उपस्थिति रही। साथ ही इको क्लब के सक्रिय विद्यार्थियों सूरज पनिका, रितेश चौरसिया, कन्हैया केशरवानी सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ एवं हरित परिसर निर्माण तथा भावी पीढ़ी के लिए सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### धान उपार्जन का स्लाट बुक न हो पाने के कारण किसान धान विक्रय हेतु परेशान, विक्रय तिथि में बढ़ोत्तरी की उठी मांग

**बढार।** धान उपार्जन का स्लाड बुक न हो पाने के कारण किसानों द्वारा धान विक्रय के लिये चयनित केन्द्रों में धान विक्रय के लिये इन दिनों परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि इसकी तिथि 13 जनवरी तक नियत की गई थी इस समस्या को जिला कलेक्टर को अवगत कराये जाकर समस्या का निदान करवाये जानें की मांग की गई है। बताया गया है कि - स्लाड बुक न हो पाने के कारण किसान उपार्जित धान को अपनी इच्छानुसार संबंधित धान केन्द्रों में विक्रय नहीं कर पा रहे हैं ऐसी स्थिति में धान विक्रय की तिथि में बढ़ोत्तरी कराये जाकर स्लाड बुक करवाये जानें की आकांक्षा व्यक्त की गई है। इस संदर्भ में - उन्नतशील कृषक - कृष्ण प्रताप सिंह ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि - ग्राम बटुरा किसान कोड 218140320441 जो मेरा है, जिसका धान विक्रय का रजिस्ट्रेशन कराया गया था और धान विक्रय हेतु 8 जनवरी 2026 से लगातार स्लाड बुक कर रहा हूं, तो स्लाड बुक नहीं हो रहा है, इसकी जानकारी मुझ द्वारा जिला आपूर्ति नियंत्रक को अवगत कराया गया, किन्तु समस्या का समाधान नहीं हो सका है। कृषक हित में धान उपार्जन का स्लाड बुक त्वरित करवाया जाये और कृषकों को उपार्जित धान विक्रय हेतु पर्याप्त तिथि सुनिश्चित कराया जाना कृषक हित में अत्यावश्यक है।

### दो सुअर मार बम जब्त, बदमाश को भेजा जेल

**कटनी।** बरही पुलिस ने बरही-बिचपुरा रोड पर घेराबंदी कर एक युवक को दो जिंदा 'सुअर मार' देसी बम के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति विस्फोटक लेकर शिकार के उद्देश्य से निकलने वाला है। पुलिस ने हनुमान मंदिर के पास नाकेबंदी की। इसी दौरान एक युवक अपाचे बाइक से भागने की कोशिश करने लगा, जिसे पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान 20 वर्षीय हपले पारधी निवासी छीदिया टोला, बिचपुरा के रूप में हुई है। तलाशी लेने पर उसके पास से सुतली और सफेद धागे से लिपटे दो खतरनाक देसी बम मिले। पुलिस ने विस्फोटक के साथ ही उसकी मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। आरोपी के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 5 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सोमवार को उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सहित उप निरीक्षक विनोद कांत सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### सिलौड़ी में युवा दिवस पर कॉलेजों एवं स्कूलों में हुआ सूर्य नमस्कार

**सिलौंडी।** सिलौंडी में विवेकानंद जयंती के अवसर पर शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी ,कन्या माध्यमिक स्कूल ,शासकीय बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल और शासकीय महाविद्यालय सिलौंडी में युवा दिवस पर सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ। सिलौंडी कन्या हाई स्कूल में सरपंच पंचों संतोष कुमार, उपसरपंच राहुल राय,वरिष्ठ रजनीकांत राय ,प्राचार्य विशाल वरकड़े , प्राचार्य चंद्र कुमार परसावर , दिव्या सिंह , तुलसी नामदेव छात्र छात्राओं के साथ सूर्य नमस्कार किया ।वरिष्ठ रजनीकांत राय और शिक्षक जीवन लाल बागरी उनके स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी जीवनी सुनाई ।

# करोड़ों का सौंदर्यीकरण पर खेल मैदान गायब: अतिक्रमण में सिमटती ज़मीन, दम तोड़ती धनपुरी की खेल प्रतिभाएं





नगर पालिका ने नगर सौंदर्यीकरण के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च कर दिए, लेकिन खेलकूद के लिए न तो एक भी विकसित मैदान बनाया गया और न ही शासकीय स्टेडियम की कोई ठोस योजना सामने आई। हालात यह हैं कि वर्षों पहले मौजूद खेल मैदान अतिक्रमण, गंदगी और उपेक्षा की भेंट चढ़ते हुए लगातार सिकुड़ते जा रहे हैं।

फोटो धनपुरी।

विकास दिखा, खेल छूटानगर में सड़कों, चौराहों और सौंदर्यीकरण पर खर्च हुआ, लेकिन खेल अधोसंरचना पूरी तरह उपेक्षित रही। खिलाड़ियों के लिए मैदान, ट्रैक, ड्रेसिंग रूम या कोचिंग की कोई व्यवस्था नहीं।धनपुरी और आसपास के क्षेत्र के कई खिलाड़ियों ने संभागीय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर नगर का नाम रोशन किया, लेकिन मैदानों की कमी के कारण अनेक प्रतिभाएं शुरुआती दौर में ही दबकर रह गईं। नियमित अभ्यास और प्रशिक्षण के बिना नई पीढ़ी खेलों से दूर होती जा रही है। टूर्नामेंट होता है, स्टेडियम नहींनगर पालिका हर साल अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट कॉलरी नंबर-3 स्थित सुभाष स्टेडियम में कराती है, लेकिन विडंबना यह है कि नगर पालिका के पास खुद का एक भी खेल स्टेडियम नहीं है।पूर्व खिलाड़ियों का कहना है कि बच्चे अगर बचपन में खेलेंगे नहीं, तो खिलाड़ी कैसे बनेंगे। खेल शारीरिक ही नहीं, मानसिक विकास का भी माध्यम हैं। महिलाओं के लिए भी खेल मैदान योग, सैर और स्वास्थ्य सुधार का बड़ा साधन बन सकते हैं। कोयलांचल की प्रतिभाएं हाशिये परमुख्यालय से लगे सोहागपुर कोयलांचल क्षेत्र की खेल प्रतिभाएं मैदान जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में दम तोड़ती नजर आ रही हैं। शहडोल फुटबॉल क्लबों के गठन से उम्मीद जगी है कि खेल गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी।नगर में मां ज्वालामुखी मैदान, बाबूलाल ग्राउंड, ब्रिटिश ग्राउंड (विलेज नंबर-1), मैगजीन सिद्ध बाबा ग्राउंड जैसी कीमती खेल भूमि अतिक्रमण की चपेट में आ चुकी है। हालात ऐसे हैं कि यहां खेलना तो दूर, खड़ा होना भी मुश्किल है। बाबूलाल ग्राउंड सिमटता जा रहास्थानीय लोगों का आरोप है कि बाबूलाल ग्राउंड की जमीन पर ईंट-भट्टा संचालक बेजा कब्जा कर रहे हैं। नगर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। सड़कों पर अभ्यास, मैदान नदारदखेल मैदान न होने से युवा सुबह-शाम सड़कों पर दौड़ लगाते नजर आते हैं। फुटबॉल और क्रिकेट के लिए स्कूल मैदान या दशहरा मैदान का सहारा लेना पड़ता है।क्षेत्र में हर वर्ष दो से तीन क्रिकेट टूर्नामेंट स्थानीय खेल प्रेमियों द्वारा आयोजित किए जाते हैं। उद्घाटन और समापन समारोह में जनप्रतिनिधियों से स्टेडियम और सुविधाओं की मांग होती है, लेकिन हर बार आश्वासन देकर मामला टाल दिया



जाता है। खिलाड़ियों का दर्दयुवाओं का कहना है कि अच्छे स्टेडियम और प्रशिक्षकों के अभाव में यहां के खिलाड़ी यहीं के होकर रह गए हैं। देश के लिए कुछ करने का जज्बा मैदान न मिलने से दबकर रह गया है। प्रशासन से उम्मीद की नजरस्थानीय नागरिकों ने संभागायुक्त शहडोल और जिला प्रशासन से मांग की है कि नगर के खेल मैदानों को अतिक्रमण से मुक्त कर सुरक्षित किया जाए और एक आधुनिक स्टेडियम का निर्माण कराया जाए, ताकि धनपुरी की दबती खेल प्रतिभाओं को नया मंच मिल1

# शुद्ध पेयजल पर सवाल इंदौर की त्रासदी के बाद भी धनपुरी में सबक अधूरा, 50 हजार की आबादी अब भी जोखिम में




धनपुरी।

इंदौर में दूषित पेयजल के कारण कई लोगों की जान जाने जैसी गंभीर घटनाओं के बाद भी प्रदेश की अन्य नगर पालिकाओं के लिए यह एक बड़ी चेतावनी थी। इसके बावजूद नगर पालिका धनपुरी अब तक उस त्रासदी से ठोस सबक लेती नजर नहीं आ रही है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर प्रशासन किस बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है, जब हालात पहले से ही चेतावनी दे रहे हैं।50 हजार लोग, 400 TDS से अधिक पानीधनपुरी के 28 वार्डों में रहने वाली लगभग 50 हजार की आबादी मजबूरी में 400 TDS से अधिक वाला पानी पी रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि लंबे समय तक ऐसा पानी पीना स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है। यदि वार्डों में ईमानदारी से सर्वे कराया जाए, तो पीलिया सहित अन्य जलजनित बीमारियों से पीड़ित लोग सामने आ सकते हैं।पुरानी पाइपलाइन और लगातार लीकेजकरीब 45 साल पुरानी पानी सप्लाई पाइपलाइन अब अपनी उम्र पूरी कर चुकी है। कई स्थानों पर पाइपलाइन लीकेज होने से सड़कों पर महीनों तक पानी के बुलबुले निकलते देखे जा रहे हैं। इन्हीं लीकेज के कारण नालियों और आसपास की गंदगी का पानी पीने के पानी में मिलकर घरों तक पहुंचने की आशंका बनी हुई है।शिकायतें बहुत, कार्रवाई धीमीनगरवासियों द्वारा बार-बार शिकायत किए जाने के बावजूद कई वार्डों में सुधार कार्य धीमी गति से चल रहा है। अस्थायी मरम्मत के बाद समस्या दोबारा सामने आ जाती है, जिससे लोगों का भरोसा प्रशासन पर कमजोर पड़ रहा है।27 करोड़ की योजना, नतीजा अधूरामुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से शुद्ध पेयजल योजना के लिए नगर पालिका को 27 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए थे। इन पैसों से नई पाइपलाइन, ओवरहेड टैंक और शुद्ध जल आपूर्ति की व्यवस्था मजबूत होनी थी, लेकिन करीब 10 साल बीत जाने के बाद भी नगरवासियों को नियमित शुद्ध पेयजल नहीं मिल सका।इंदौर से सबक जरूरीइंदौर में जब दूषित पानी से जनहानि हुई, तब प्रशासन को आपात कदम उठाने पड़े— पाइपलाइन की जांच, क्लोरीनेशन और स्वास्थ्य शिविर। धनपुरी में भी ऐसी ही सतर्कता और त्वरित कार्रवाई की जरूरत है, ताकि किसी अप्रिय घटना से पहले ही हालात संभाले जा सकें।जनप्रतिनिधियों की मांगपूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मुबारक मास्टर और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राम सिंह ने कहा कि शुद्ध पेयजल नागरिकों का मूल अधिकार है। उन्होंने मांग की कि लीकेज पाइपलाइन तुरंत बदली जाए, दूषित पानी की सप्लाई रोकी जाए और वैकल्पिक स्वच्छ जल व्यवस्था की जाए।अब इंतजार नहीं, कार्रवाई जरूरीधनपुरी में पेयजल संकट अब चेतावनी के स्तर से आगे बढ़ रहा है। इंदौर की घटनाओं के बाद भी यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो हालात और गंभीर हो सकते हैं।अब सवाल साफ है— नगर पालिका आखिर किस बात का इंतजार कर रही है1




# शहडोल संभाग में डिजिटल स्ट्राइक

**शहडोल।** सरकारी दफ्तरों की सीढ़ियां घिसने और बाबूराज की लेत-लतीफी से परेशान राजस्व पीड़ितों के लिए कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने एक क्रांतिकारी डिजिटल हथियार लॉन्च किया है। संभाग में सुशासन को नई धार देते हुए क्यूआर कोड प्रणाली शुरू की गई है, जिससे अब नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे विवादों की शिकायत सीधे ऊपर तक पहुंचेगी।

**घर बैठे दर्ज होगी शिकायत -** आयुक्त द्वारा जारी किया गया यह खास क्यूआर कोड संभाग के तीनों जिलों के लिए गेम चेंजर साबित होगा। अब ग्रामीणों को अपनी शिकायतों के लिए जिला मुख्यालय या कमिश्नर कार्यालय तक किराया फूंककर आने की जरूरत नहीं होगी। बस एक स्कैन, चंद जानकारियों का इंद्राज और शिकायत सीधे कमिश्नर, कलेक्टर और संबंधित अधिकारी के डेस्क पर पहुंच जाएगी।

**निगरानी ऐसी कि बच नहीं पाएंगे लापरवाह अफसर-** संभागीय तकनीकी सलाहकार के अनुसार, यह प्रणाली पूरी तरह सुरक्षित है। शिकायत दर्ज होते ही आवेदक को मोबाइल पर पुष्टिकरण संदेश मिलेगा। सबसे अहम बात यह है कि इन शिकायतों की सीधी मॉनिटरिंग कमिश्नर स्वयं करेंगी। यानी अब जमीनी स्तर पर शिकायतों को दबाना तहसीलदारों और पटवारियों के लिए मुमकिन नहीं होगा। प्रशासन के इस कड़े और आधुनिक प्रहार से राजस्व विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और देरी पर लगाम कसने की उम्मीद है।

### रोटरी क्लब का नूतन संगम: प्रकृति की गोद में नववर्ष का उत्सव

# सेवा के संकल्प के साथ महा-शिविर की तैयारी




शहडोल।

अपनी सामाजिक सक्रियता के लिए प्रसिद्ध इंटरनेशनल संस्था रोटरी क्लब शहडोल ने मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में एक भव्य नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किया। प्राकृतिक सौंदर्य के बीच आयोजित इस पिकनिक सह पारिवारिक मिलन कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने न केवल आपसी एकजुटता दिखाई, बल्कि समाज के प्रति अपनी जवाबदेही का संकल्प भी दोहराया।

#### उत्साह और उमंग का माहौल

कार्यक्रम के दौरान मनोरंजन और संवाद का बेहतरीन संगम देखने को मिला। क्लब की महिला सदस्यों के लिए कई रोचक और चुनौतीपूर्ण गेम्स आयोजित किए गए, जिसमें विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्राकृतिक परिवेश में आयोजित इस पिकनिक ने सदस्यों को ऊर्जा और नई ताजगी से भर दिया।

#### मार्च में लगेगा मेगा हेल्थ कैंप

उत्सव के साथ-साथ क्लब ने अपनी जिम्मेदारी को भी प्राथमिकता दी। इस दौरान आयोजित बैठक में आगामी मार्च महीने में प्रस्तावित मेगा स्वास्थ्य शिविर की रूपरेखा तैयार की गई। सदस्यों ने एकमत होकर कहा कि यह शिविर जिले के जरूरतमंदों के लिए जीवनदायिनी साबित होगा। क्लब पदाधिकारियों ने आह्वान किया कि सेवा के इस महापर्व में हर सदस्य अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करे। रोटरी क्लब की इस पहल ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उत्सव तभी सार्थक है, जब उसमें समाज सेवा का जज्बा शामिल हो। बैठक के अंत में सभी ने दीन-दुखियों की मदद के लिए निरंतर कार्य करने की शपथ ली।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर रिलायंस फाउंडेशन द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनायी

### युवाओं में शिक्षा एवं व्यक्तित्व में काफी सकारात्मक परिवर्तन आया : रिलायंस साइट हेड - राजेश वर्मा

बुढार।

राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद जी की जयंती रिलायंस सी.बी.एम. सी.एस.आर. द्वारा रिलायंस फाउंडेशन रिसोर्स सेंटर लालपुर में उत्साहपूर्वक मनायी गयी, जिसमें परियोजना क्षेत्रान्तर्गत ग्रामों के युवा उत्साहियों, कोचिंग केंद्रों तथा रिलायंस सुरक्षा सहयोगियों के प्रशिक्षणार्थियों सहित लगभग 250 लोगों नें कार्यक्रम में अपनी सहभागति निभाई।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया, इसके उपरांत सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई तथा अतिथियों का पारंपरिक स्वागत कोचिंग केंद्र के युवाओं द्वारा किया गया।कार्यक्रम अवसर पर रिलायंस के साइट हेड राजेश वर्मा, सी.एस.आर. हेड राजीव श्रीवास्तव, एच.आर. लीड अभिषेक मिश्रा, सुरक्षा अधिकारी आर.के. सिंह, जे.एस.डब्ल्यू. सीमेंट सी.एस.आर. हेड संतोष कुमार, बिरला सीमेंट सी.एस.आर. हेड शैलेन्द्र सिंह, प्रशांत शर्मा, सुनील त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति रही।राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुति युवाओं नें प्रस्तुत किया वहीं मोबाइल एवं डिजिटल उपकरणों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों पर आधारित नाटक की प्रस्तुति दी गई, और कविता, गीत, नृत्य एवं प्रेरक भाषण की प्रस्तुति को सराहा गया, तथा युवाओं की रचनात्मकता, सामाजिक जागरूकता और आत्मविश्वास कार्यक्रम में स्पष्ट रूप से झलकता रहा।कार्यक्रम अवसर पर - जर्मनी में आयोजित फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर में विचारपुर से गये फुटबॉल कोच एवं पाँच फुटबॉल खिलाड़ियों को रिलायंस साइट हेड श्री राजेश वर्मा द्वारा स्मृति चिन्ह एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही रिलायंस फाउंडेशन कोचिंग के मेंटर कपिल एवं आकाश को विगत वर्षों में छात्रों को सरकारी एवं निजी क्षेत्र में रोजगार दिलाने में उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु उन्हें सम्मानित किया गया, इसके अलावा फुटबॉल कोच - सीताराम साहिस द्वारा रिलायंस फाउंडेशन फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये प्रेरित करनें व प्रशिक्षण प्रदत्त किये जाने पर उन्हें कार्यक्रम के मध्य सम्मानित किया गया।कार्यक्रम अवसर पर रिलायंस साइट हेड राजेश वर्मा ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद जी को पुण्य स्मरण करते हुये अपने उद्बोधन में कहाकि - कोचिंग कार्यक्रमों से जुड़े युवाओं में सोच, दृष्टिकोण, शिक्षा एवं व्यक्तित्व में काफी सकारात्मक परिवर्तन आया है, जो आज स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा हैं, और यह कार्यक्रम स्वयं उन परिवर्तनों का सशक्त उदाहरण है।कार्यक्रम में सहभागिता निभानें वाले सभी प्रतिभागियों को रिलायंस सी.बी.एम. परियोजना द्वारा सम्मानित किया गया, वहीं कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. समीम खान, अश्वनी शर्मा, कपिल कांत शर्मा, आकाश सराफ, सुजीत सिंह, धर्मदत्त, सी.एस.आर. टीम एवं क्षेत्रिय कार्यकर्ताओं की महती भूमिका रही।

# पीएसवी में स्वदेशी रेस का शंखनाद ; विवेकानंद जयंती पर आत्मनिर्भरता की दौड़, पाश्चात्य संस्कृति को दिया कड़ा संदेश

शहडोल।

**युवाओं के मार्गदर्शक स्वामी विवेकानंद की जयंती पर पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के कृषि विभाग ने एक अनोखा और आक्रामक नवाचार किया। विश्वविद्यालय परिसर में स्वदेशी रेस का आयोजन कर विद्यार्थियों ने न केवल अपनी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को धरातल पर उतारा।**

#### पहनावे से लेकर विचार तक... सब स्वदेशी

इस दौड़ की सबसे बड़ी विशेषता इसकी अवधारणा थी। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का पहनावा और प्रयुक्त साधन पूरी तरह स्वदेशी भावना से ओत-प्रोत थे। कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी और विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार पांडे ने इस आयोजन को मात्र एक खेल नहीं, बल्कि वैचारिक आंदोलन करार दिया। वक्ताओं ने दोटूक कहा कि स्वामी जी के उठो, जागो के संदेश का असली अर्थ अपनी जड़ों की ओर लौटना और स्वदेशी संसाधनों पर गर्व करना है।



#### राष्ट्रवाद और आत्मनिर्भरता का संगम

कृषि विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए डॉ. रचना दुबे सहित अन्य प्राध्यापकों ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के बीच युवाओं को अपनी मिट्टी से जोडने का काम करती हैं। यह रेस एक संदेश है कि भारत का युवा अब अपनी क्षमताओं पर विश्वास करना सीख चुका है। आयोजन के दौरान डॉ. प्रिया सिंह, अपराजिता द्विवेदी और आनंद मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे, जिन्होंने भविष्य में भी ऐसे स्वदेशी अभियानों को जारी रखने का संकल्प लिया।

**खबर संक्षेप**




## रेडक्रॉस अनूपपुर द्वारा ग्राम पचडीपानी में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

अनूपपुर। रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा अनूपपुर द्वारा युवा दिवस सप्ताह के अवसर पर जिला मुख्यालय अनूपपुर से 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत लखनपुर के बैगा जनजाति बहुल्य ग्राम पचड़ीपानी में अध्यक्ष कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया जिसमें सिकल सेल एनीमिया, कुपोषित बच्चों की जांच, ट्यूबरक्लोसिस, मलेरिया, आंखों की जांच, ब्लड प्रेशर, सीजनल बीमारियां एवं शुगर की जांच की गई स्कूली बच्चों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अनूपपुर शाखा के चेयरमैन एवं पूर्व सीएमएचओ डॉ. आर.पी. सोनी ने बताया कि वृहद स्वास्थ्य शिविर में ग्राम पचड़ीपानी, लखनपुर, अगरियानार एवं ग्राम अकुआ के मरीज भारी संख्या में शिविर में सम्मिलित हुए सरपंच, उप सरपंच, शिक्षक हरिहर प्रसाद यादव, शशिधर अग्रवाल समाज सेवी तथा अन्य की मदद से समूह इकट्ठा हुआ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में अकुआ के बैगा जनजातिय के ग्रामीणों द्वारा कर्मा एवं अन्य तरह के नृत्य प्रदर्शित कर, एवं मोर पंख से आगंतुकों का स्वागत किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 182 मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गई। डॉ एसके सिंह डीएचओ, डां. धनीराम सिंह, मोहन श्याम बीएमओ, डॉ. शिवेंद्र दिवेदी, डॉ. कुलदीप परस्ते, डॉ. एस,एन, पनाडिया, डॉ. उईके मेडिकल मोबाइल टीम के स्टाफ क्षेंत्र के आशा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाइजर, एमपीडब्ल्यू, सुपरवाइजर ने शिविर में सम्मिलित होकर सेवाएं दी। शिविर में डॉ. आरपी, सोनी सभापति, डॉ. देवेंद्र कुमार तिवारी सचिव, उप सरपंच धन्नूलाल पटेल, कमलाकर गौतम, राजकिशोर तिवारी, एम,के, दीक्षित एवं अशोक शर्मा कोषाध्यक्ष, शशिधर अग्रवाल, हरिशंकर वर्मा, दीपक सोनी, शिक्षक हरिहर प्रसाद यादव, सुरेश केरकेट्टा, शिक्षक कुलदीप सारीवान, हीरालाल बैगा, पंच फूल सिंह बैगा, अनूप सिंह, अमर बैगा ने सहभागिता निभाई। ग्राम पंचायत लखनपुर के ग्राम अगरियानार निवासी 60 वर्षीय मझलू सिंह जो बचपन से ही छोटे आकृति का होने शारीरिक रूप से बंदर की तरह दिखने का भी शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां देते हुए कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा द्वारा ठंड से बचने के लिए मझलू को कंबल प्रदान किया गया।

## हुसैन अब्बास (सैफ) रिजवी के नेतृत्व में कैंडल जलाकर किया गया श्रद्धांजलि अर्पित



अनूपपुर। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हुसैन अब्बास (सैफ) रिजवी के नेतृत्व में भागीरथपुरा, इंदौर में जहरीला पानी पीने से हुई दुखद मौतों में दिवंगत आत्माओं को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित का कार्यक्रम इन्दिरा तिराहा अनूपपुर में आयोजित किया गया। एवं ईश्वर से कामना किया गया कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवारों को यह असहनीय दुःख सहन करने की शक्ति दें। युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संजय सोनी ने कहा कि भाजपा की सरकार में किसी भी मंत्री की कोई जिम्मेदारी जवाब दे ही फिक्स नहीं है इंदौर के भागीरथपुरा के लोगों को पीने के पानी के रूप में गंदी नाली का पानी पिलाया गया जिससे कि कई लोगों की मौत हुई और अभी भी कई लोग गंभीर हालत में है पर भाजपा की मोहन सरकार महापौर पर एफआईआर और बीजेपी के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ कोई भी एक्शन अभी तक नहीं लिया इससे यह पता चलता है कि भाजपा पूरी तरह असंवेदनशील सरकार है इन्हें आम जनता से कोई मतलब नहीं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से पूछा गया की घटना कैसे हुई जिम्मेदार कौन तो उन्होंने पत्रकार को घंटा कह दिया बहुत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय शब्दों का प्रयोग भाजपा के लोग कर रहे हैं हम युवा कांग्रेस के साथी इसका कड़ा विरोध करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अनूपपुर गुलाब पटेल, किसान कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी, युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राघवेंद्र पटेल, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संजय सोनी, पूर्व जिला महासचिव युवा कांग्रेस राजूराम पटेल एवं विनयकांत प्रजापति, जिला महासचिव युवा कांग्रेस विवेक यादव, प्रशांत सिंह, मनीष पटेल, एनएसयूआई प्रदेश सचिव सचिन पटेल, युवा कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष आदित्य राठौर, समीम खान, युवा कांग्रेस विधानसभा विकास पटेल, कांग्रेस नेता मयंक त्रिपाठी, संजीव द्विवेदी, लकी झारिया आदि उपस्थित रहे।

## आज दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर गमन प्रारंभ करेंगे सूर्यदेव

# मकर संक्रांति और खिचड़ी का गहरा संबंध

**परंपरा, आस्था और ज्योतिष का रहस्य**

मकर संक्रांति का पर्व भारतीय संस्कृति खगोल विज्ञान और अध्यात्म का अद्भुत संगम है। यह पर्व सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का प्रतीक है जिसे सूर्य का उत्तरायण होना कहा जाता है। इसी दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर गमन प्रारंभ करते हैं जिससे दिन बड़े और रातें छोटी होने लगती हैं। यह सर्द ऋतु के अंत और नई फसल के आगमन का उल्लासपूर्ण उत्सव है, जो प्रकृति एवं मां पृथ्वी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर श्रद्धालुजन पवित्र नदियों विशेषकर मां नर्मदा एवं मां गंगा में स्नान कर पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं। शास्त्रों के अनुसार इस दिन किया गया स्नान, दान एवं जप पापों से मुक्ति और आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करता है। तिल एवं गुड़ से बने लड्डुओं का सेवन और दान करने की परंपरा है जो शरीर को ऊर्जा और ऊष्मा प्रदान करती है।





हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन सूर्यदेव अपने पुत्र शनिदेव से मिलने उनके घर आते हैं। पौराणिक कथाओं में उल्लेख मिलता है कि सूर्यदेव ने शनिदेव को मकर नाम का घर प्रदान किया, इसी कारण शनिदेव मकर और कुंभ राशि के स्वामी माने जाते हैं। ऐसी भी मान्यता है कि सूर्यदेव ने वरदान दिया कि मकर संक्रांति के दिन उनके आगमन से घर धन-धान्य से परिपूर्ण होगा। शास्त्रों में यह भी वर्णित है कि राजा भगीरथ के कठोर तप से प्रसन्न होकर मां गंगा इसी दिन पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। महाभारत काल में भीष्म पितामह ने उत्तरायण के आरंभ में, मकर संक्रांति के दिन ही अपनी इच्छामृत्यु का वरण किया था, क्योंकि इस काल में देह त्याग को मोक्षदायी माना गया है। उत्तरायण को देवताओं का दिन कहा गया है, जिसमें किए गए दान, तप और जप का विशेष फल प्राप्त होता है। मकर संक्रांति के दिन प्रातः जल में पुष्प, तिल, गुड़ एवं लाल पुष्प मिलाकर पूर्व दिशा की ओर मुख करके सूर्यदेव को अर्घ्य देना चाहिए। अर्घ्य देते समय श्रद्धा-भाव से "ॐ सूर्याय नमः" मंत्र का जाप करना अत्यंत फलदायी माना गया है। शनिदेव की कृपा प्राप्ति हेतु इस दिन उड़द दाल की खिचड़ी बनाना एवं दान करना भी शुभ माना जाता है। इस दिन खरमास समाप्त हो जाता है और विवाह, गृह प्रवेश सहित सभी मांगलिक कार्यों का शुभारंभ हो जाता है। वर्ष 2026 में मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी को मनाया जाएगा। इस दिन पुण्य काल दोपहर 3:13 बजे से 4:58 बजे तक रहेगा। शास्त्रों के अनुसार इस काल में किया गया स्नान, दान एवं पूजा अक्षय पुण्य प्रदान करता है तथा जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है। इस वर्ष मकर संक्रांति पर एकादशी का विशेष संयोग भी बन रहा है, जो पर्व के महत्व को और बढ़ाता है। पूरे देश में इस त्योहार को अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। इस त्योहार को खिचड़ी के नाम से भी जाना जाता है। उत्तर भारत के कई राज्यों में इस दिन खचड़ी बनाई और खाई जाती है साथ ही इसका दान भी किया जाता है ये एक पुरानी परंपरा है यही कारण है कि मकर संक्रांति का नाम आते ही खिचड़ी याद आ जाती है लेकिन इस परंपरा के पीछे सिर्फ स्वाद भर नहीं है बल्कि गहरी आस्था और सामाजिक भावना है इसका ज्योतिषीय और धार्मिक महत्व भी है आइए जानते हैं।

### माघ मकर गति रवि जब होई तीरथपतिहि आव सब कोई

रामचरितमानस में भी मकर संक्रांति का सुंदर वर्णन मिलता है माघ मकर गति रवि जब होई तीरथपतिहि आव सब कोई। अर्थात माघ मास में जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तब देवता, ऋषि, किन्नर और मनुष्य सभी श्रद्धापूर्वक तीर्थराज प्रयाग में त्रिवेणी स्नान हेतु आते हैं। मकर संक्रांति न केवल धार्मिक आस्था का पर्व है बल्कि यह प्रकृति, कृषि और मानव जीवन के संतुलन का भी प्रतीक है।

### ज्योतिषीय और धार्मिक महत्व

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार मकर संक्रांति के पर्व पर सूर्य देव अपने पुत्र शनि देव की मकर राशि में प्रवेश करते हैं इसे एक शुभ परिवर्तन माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन जो भी दान किया जाता है उससे शुभ फल प्राप्त होते हैं खिचड़ी में पड़ने वाला चावल, दाल और घी सात्विक आहार है ये सूर्य को अर्पित करने के लिए उपयुक्त माना जाता है। इस दिन खिचड़ी का दान करने से ग्रह दोष शांत होते हैं जीवन में स्थिरता आती है यही वजह है कि इस दिन स्नान के बाद खिचड़ी का दान कर उसे प्रसाद रूप में ग्रहण किया जाता है।

### ये भी है एक धार्मिक मान्यता

धार्मिक कथाओं में मकर संक्रांति पर खिचड़ी खाने की परंपरा बाबा गोरखनाथ से जोड़ी जाती है। बताया जाता है कि एक समय कठिन हालातों और आक्रमणों की वजह से योगी और साधु नियमित रूप से भोजन नहीं बना पाते थे ऐसे में बाबा गोरखनाथ ने सभी को सलाह दी कि दाल, चावल और मौसमी सब्जियों को एक साथ पकाया जाए यह भोजन कम समय में बन जाता था और लंबे समय तक उर्जा देता था। धीरे धीरे इस साधारण और पौष्टिक भोजन की चर्चा साधु संतों से समाज तक पहुंची. इसी के बाद इसे मकर संक्रांति के पर्व से जोड़ दिया गया तभी से इस दिन खिचड़ी बनाना और खाना शुभ कहा जाने लगा।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन अवसर पर विधिक चेतना का अभूतपूर्व शंखनाद




हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के तत्वावधान एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अनूपपुर, श्रीमती माया विश्व लाल के गरिमामयी मार्गदर्शन सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विनोद कुमार वर्मा के कुशल एवं ऊर्जावान निर्देशन में 12 जनवरी, को स्वामी विवेकानंद जयंती अर्थात 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के उपलक्ष्य पर बेथेल हाई स्कूल अनूपपुर में एक वृहद एवं अत्यंत प्रेरणादायक विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम मात्र न होकर युवाओं के भीतर संवैधानिक नैतिकता और विधिक बोध को जाग्रत करने का एक सशक्त अनुष्ठान सिद्ध हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित न्यायाधीश सुश्री सृष्टि साहू ने अपने सारगर्भित एवं ओजस्वी उद्बोधन से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया; उन्होंने स्वामी विवेकानंद के 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको' के अमर संदेश को आधुनिक विधिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के साथ जोड़ते हुए यह प्रतिपादित किया कि आज के युवाओं के कंधों पर ही एक न्यायपूर्ण और अपराधमुक्त भारत के निर्माण का गुरुतर उत्तरदायित्व है। इसी वैचारिक श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विधि सहायता अधिकारी बृजेश पटेल ने अत्यंत सूक्ष्मता एवं तकनीकी स्पष्टता के साथ विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के मौलिक ढाँचे, निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया, साइबर अपराधों की वैश्विक चुनौतियों से सुरक्षा के उपाय, और मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव से जुड़े विधिक प्रावधानों के बारे में विस्तार से अवगत कराया, जिससे विद्यार्थी न केवल जागरूक हुए अपितु उनमें कानून के प्रति एक नवीन दृष्टिकोण का संचार हुआ। बेथेल हाई स्कूल के प्राचार्य एवं प्रबंधन समिति के अटूट सहयोग से मूर्त रूप लेने वाले इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त विद्वान शिक्षक वृंद एवं बड़ी संख्या में जिज्ञासु विद्यार्थियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई, जहाँ ज्ञानार्जन के इस सत्र ने युवाओं को यह समझने के लिए प्रेरित किया कि कानून का ज्ञान ही वास्तव में शक्ति का वह स्रोत है जो उन्हें शोषण के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करता है और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक न्याय पहुँचाने में सहायक सिद्ध होता है। कार्यक्रम के समापन तक संपूर्ण परिसर विधिक चेतना की लहर से सराबोर रहा और यह स्पष्ट संदेश प्रेषित हुआ कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर, श्रीमती माया विश्व लाल के नेतृत्व में, समाज के प्रत्येक वर्ग विशेषकर युवा वर्ग को सशक्त बनाने के लिए पूर्णतः संकल्पबद्ध है, जिसके दूरगामी परिणाम आने वाले समय में एक सजग, सुशिक्षित और कानून सम्मत समाज के रूप में परिलक्षित होंगे।



## रेलवे स्टेशन अनूपपुर में कुलियों के सम्मान के साथ डि. गवर्नर की आधिकारिक यात्रा संपन्न

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** विगत दिवस 11 जनवरी को लायंस क्लब इंटरनेशनल के डि. गवर्नर पी.एम.जे.एफ. लायन विजय अग्रवाल का अपनी आधिकारिक यात्रा के अंतर्गत अनूपपुर आगमन हुआ। इस अवसर पर लायंस क्लब अनूपपुर टाउन के सदस्यों द्वारा रेलवे स्टेशन अनूपपुर में कुलियों के सम्मान हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्टेशन मास्टर एवं स्टेशन अधीक्षक की उपस्थिति में रेलवे स्टेशन पर कार्यरत समस्त कुलियों को ठंड को ध्यान में रखते हुए कंबल एवं फूड पैकेट वितरित किए गए। इस सेवा कार्य में लायन विजय अग्रवाल स्वयं उपस्थित रहे। इसके पश्चात डि. गवर्नर विजय अग्रवाल होटल गोविंदम पहुँचे जहाँ उनकी आधिकारिक यात्रा के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में लायंस क्लब अनूपपुर के अध्यक्ष लायन कौशलेन्द्र सिंह ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। वहीं सचिव लायन अन्नपूर्णा शर्मा ने क्लब की गतिविधियों का प्रतिवेदन डि. गवर्नर के समक्ष रखा तथा लायन अशोक शर्मा ने आभार प्रदर्शन किया। डि. गवर्नर लायन विजय अग्रवाल ने लायंस क्लब इंटरनेशनल की सेवा गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव सेवा से जुड़ी ऐसी गतिविधियाँ की जानी चाहिए, जो उस क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं को पूरा करें। उन्होंने लायंस इंटरनेशनल की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी तथा उपस्थित सदस्यों को डि. गवर्नर की पिन प्रदान कर व्यक्तिगत परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन लायन चंद्रकांत पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्य लायन राजेंद्र कुमार बियानी, सरोज बियानी, शिव कुमार गुप्ता, संतोष अग्रवाल, राकेश गौतम, महेश दीक्षित, स्मिता दीक्षित, डॉ. असीम मुखर्जी, दुर्गेन्द्र सिंह भदौरिया, सरला भदौरिया, दीपक सोनी, रितु सोनी, अनिल सिंह, माया सिंह रावत, राय हरिनारायण खेड़यिा, लक्ष्मी खेड़यिा, डॉ. सोनी, अमरदीप सिंह, नीरूपमा पटेल, पूर्णिमा रात्रे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## निर्माण कार्य की सतत मॉनिटरिंग कर कार्य की पूर्णता सुनिश्चित कराए



### लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा कर जिला पंचायत सीईओ ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के जनमन तथा आवास प्लस स्कीम के तहत स्वीकृत आवास निर्माण कार्य की जिला पंचायत सभागार में समीक्षा करते हुए जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने पूर्व पाक्षिक बैठक उपरांत से अब तक के आवास निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने पंचायत समन्वयक अधिकारियों से आवास निर्माण कार्य का लगातार फॉलो अप लेने तथा अप्रारंभ कार्यों को प्रारंभ कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में जनपद पंचायत जैतहरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के के रैकवार तथा जनपद अनूपपुर के सीईओ, जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी (आवास) डॉ उमेश द्विवेदी, विकासखंड समन्वयक आवास तथा पंचायत समन्वयक अधिकारी उपस्थित थे। जिला पंचायत सीईओ ने पीएम आवास जनमन तथा आवास प्लस के निर्माण कार्य के क्रियान्वयन की सतत समीक्षा सेक्टर बैठक में करने तथा हितग्राहियों के कार्य स्थल पर जाकर निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर हितग्राहियों को आवास निर्माण कार्य के लिए सतत प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के प्लिंथ लेवल के कार्यों पर विशेष ध्यान देकर कार्य में प्रगति परिलक्षित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने बैठक में जनपद पंचायत अनूपपुर एवं जैतहरी मे लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शिकायतों का निराकरण संतुष्टि पूर्वक कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणो के निराकरण में लापरवाही बरतने पर जनपद पंचायत अनूपपुर के सीईओ तथा जैतहरी एवं अनूपपुर के खण्ड पंचायत अधिकारियों के प्रति नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि लंबित सीएम हेल्पलाइन के एक-एक प्रकरण का निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

## जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में बैगलेस डे का रचनात्मक आयोजन



### पारंपरिक मिट्टी कला से विद्यार्थियों को मिला व्यावहारिक ज्ञान एवं सांस्कृतिक अनुभव

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए बैगलेस डे का सफल एवं रचनात्मक आयोजन गत दिवस किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय अध्ययन के बोझ से कुछ समय के लिए मुक्त कर उनके भीतर छिपी रचनात्मकता, कौशल एवं पारंपरिक कलाओं के प्रति रुचि को जागृत करना रहा। बैगलेस डे के अंतर्गत शहडोल से आमंत्रित प्रसिद्ध कुम्हार एवं पारंपरिक शिल्पकार गोविंद प्रजापति द्वारा पारंपरिक चाक एवं मिट्टी कला का सजीव प्रदर्शन किया गया। उन्होंने मिट्टी से कलश, गमले, बर्तन, शंख तथा आकर्षक मूर्तियाँ बनाकर विद्यार्थियों को न केवल इस कला की प्रक्रिया समझाई, बल्कि स्वयं प्रयोग कर सीखने का अवसर भी प्रदान किया। विद्यार्थियों ने उत्सुकता के साथ इस पारंपरिक हुनर को देखा और इसे आत्मसात किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि पारंपरिक शिल्प एवं उद्यम आज के समय में आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बन सकते हैं और इनसे रोजगार के अनेक अवसर सृजित किए जा सकते हैं। इस व्यावहारिक जानकारी से छात्र-छात्राओं में स्वदेशी कला एवं स्वरोजगार के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होती दिखाई दी। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डी. एस. सेंगर एवं संगीत शिक्षक शेख वहीद का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान राजीव कुमार झा द्वारा मिट्टी से निर्मित शंख बजाकर प्रस्तुत की गई मधुर ध्वनि विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी। आयोजन में एम. एल. कोरी, रमेश कुमार सिंह एवं श्रीमती मनोरमा कौशल सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-कर्मचारीगण ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह, जिज्ञासा, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक चेतना से परिपूर्ण वातावरण बना रहा। बैगलेस डे जैसे आयोजनों से विद्यार्थियों को न केवल मानसिक स्फूर्ति मिलती है, बल्कि उनके व्यक्तित्व के बहुआयामी विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में 75 आवेदकों की सुनी समस्याएं

अनूपपुर। जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 75 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्राशी अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में तहसील अनूपपुर के ग्राम धुम्मा निवासी श्रीमती जुगरी सिंह ने वृद्धावस्था पेंशन दिलाए जाने, तहसील अनूपपुर के ग्राम बैरीबांध निवासी श्रीमती चम्पा देवी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाए जाने, तहसील अनूपपुर के ग्राम बकही निवासी बुद्धसेन सिंह गोंड़ ने पट्टे की भूमि का एसईसीएल द्वारा अधिग्रहण करने पर मुआवजा राशि दिलाए जाने, तहसील अनूपपुर के ग्राम धिरौल निवासी मोहनदास कोरी ने भूमि का सीमांकन कराए जाने की मांग की।

**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.)**

Presiding Officer : श्री अरविन्द बारला

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/01/2026)

रोशनी सिंह........ ...आवेदक Vs

उपक्षेत्रीय प्रबंधक एस.इ.सी.एल. वगै.....अनावेदक

प्रेषिती– Process Id. 05/2026

(1) आम जनता पेशी दिनांक :- 19-02-2026

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोशनी सिंह पत्नी स्व. बिरजू सिंह मृतक बिरजू सिंह के द्वारा पिता बुद्धू सिंह निवासी वार्ड क्रमांक 16 दफाई न. 02 थाना भालूमाडा जिला अनूपपुर म.प्र. के साथ बीमा पॉलिसी क्रमाक 207693925 में राशि 75,000 क्र.- 352725982 राशि 1,00000/- क्र.- 352955458 राशि 2,00,000/- कुल राशि 71,50,000/- थी। मृतक बिरजू सिंह की मृत्यु दिनांक 10-12-2025 को हो जाने के बाद उसके नाम से जारी उक्त बीमा पालिसी की राशि एवं उस पर मिलने वाला लाभांश राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 19/02/2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 19-02-2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 12-01-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

मुद्रा

श्री अरविन्द बारला
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.)

1)यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया